>

Title: Request to govt. to help to refund the amount of aircel disributors.

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** अध्यक्ष जी, एयरसेल एक कंपनी थी, जो भारतवर्ष में मोबाइल सर्विसेज़ ऑफर करती थी, वह मैक्सिस कम्युनिकेशन था। जब वह बिहार में लॉन्च हुआ तो उसका बहुत बड़ा नेटवर्क था और उसके बाद वह कंपनी बंद हो गई। नेटवर्क बढ़ाने के लिए एयर-मैक्सिस वालों ने बिहार में बहुत सारे डिस्ट्रीब्युटर्स अपॉइन्ट किए, किसी से पांच लाख रुपये लिए, किसी से दस लाख रुपये लिए, उसके बाद वह कंपनी बंद हो गई। आज बिहार में कम से कम हजारों ऐसे लोग होंगे, मैं संख्या तो नहीं जनता हूँ, लेकिन बहुत सारे ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने इसमें इनवेस्ट किया था और वह कंपनी जब बंद हो गई तो इन सब लोगों की पूंजी डूब गई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि ऐसे डिस्ट्रीब्यूटर्स और जो गरीब बच्चे हैं, जिन्होंने अपना इनवेस्टमेंट किया था, क्योंकि कम दाम में सबसे ज्यादा बिकने वाली बिहार की टेलिफोन सर्विसेज़ यही थी, इसलिए सबसे ज्यादा डिस्ट्रीब्यूटर्स बने और सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस तरह के डिस्ट्रीब्यूटर्स को, जो मेहनत की पूंजी लगाए थे, उनके पैसे वापस करने की व्यवस्था की जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।